वार्षिक वृतांत 2021 - 22

हिंदी साहित्य परिषद की ओर से दिनांक 14 सितंबर 2021 को हिंदी दिवस मनाया गया। कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष का भी हिंदी दिवस ऑनलाइन मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर हमें प्रमुख अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉक्टर करुणा शंकर उपाध्याय जी प्राप्त हुए थे। जिन्होंने हिंदी का वैश्विक रूप इस विषय पर विचार प्रकट करते हुए हिंदी को रोजगार की भाषा कहा।
दिनांक 8 फरवरी 2022 को कथाकथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रों ने कई कथाओं को अपनी अपनी शैली में कथन किया। दिनांक 9 फरवरी 2022 को काव्य वाचन गायन एवं शायरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। छात्रों में अपनी अपनी प्रतिभा के अनुसार कुछ प्रसिद्ध कवियों की तथा कुछ स्वरचित कविताएं एवं शायरी प्रस्तुत की। 4 दिनांक 10 फरवरी 2022 को वकृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका विषय था "भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद देश की सुरक्षा अधिक महत्वपूर्ण है या स्वास्थ्य। "
दिनांक 11 फरवरी 2022 को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस निबंध प्रतियोगिता का विषय था " भारतीय स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव "। दिनांक 12 फरवरी 2022 को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता का विषय "अपेक्षा ही सारे दुखों का कारण है " था।
हिंदी साहित्य परिषद की ओर से साल भर में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी अपनी क्षमता के अनुसार प्रतिभा प्रदर्शन किया।

डॉ. मनीषा घरत,
अध्यक्षा।
हिंदी साहित्य परिषद